**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की दिनांक 16.01.2026 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।**

पत्रांक– 01 / जै०प०-2026 /01 दिनांक 23-1-2026

जनपद फर्रूखाबाद मे जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक दिनांक 16.01.2026 को आहूत हुई। समीक्षा बैठक मे उपस्थित सदस्यो का विवरण निम्नवत् है:–

1. मुख्य विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (उपाध्यक्ष)
2. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
3. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद। (सदस्य सचिव)
4. श्री आनन्द, मै0 मेंधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, फर्रूखाबाद। (डी0पी0एम0यू0)
5. श्री सौरभ जौहरी, मै0 मेंधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, फर्रूखाबाद। (डी0पी0एम0यू0)
6. श्री सिद्धार्थ बिसवल, डी0पी0एम0, मै0 बी0एल0जी0, कस्ट्रक्शन सर्विसेज प्रा0लि0,फर्रूखाबाद। (टी0पी0आई0)
7. श्री अशोक सिंह, पी0एम0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0, हैदराबाद। (निर्माण एजेन्सी)
8. श्री अभय सिंह, पी0एम0, मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0, नोएडा। (निर्माण एजेन्सी)
9. कु0 हिमांशी वर्मा, कोआर्डिनेटर, मै0 भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, मैनपुरी। (आई0एस0ए0)

1. सर्व प्रथम अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–2 एवं फेज–3 मे कराये जा रहे समस्त कार्यो की प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया। दोनो एजेसियो द्वारा कराये गये कार्यो की प्रगति का विवरण निम्नवत् है–

| फर्म का नाम | कम्पोनेंटस | लक्ष्य | प्रगति दिनांक 24.12.2025 तक | प्रगति दिनांक 16.01.2026 तक |
|---|---|---|---|---|
| मै0 जी0वी0पी0 आर0 | आर0सी0सी0 टैक | 27 | 21 | 21 |
| | जिंक एलम टैक | 200 | 31 | 33 |
| | पेयजल आपूर्ति | 227 | 182 | 182 |
| | हर घर जल प्रमाणीकरण | 399 रा0ग्रा0 | 57 | 57 |
| | गृह सयोजन | 116732 | 105785 | 106389 |
| **फर्म का नाम** | **कम्पोनेंटस** | **लक्ष्य** | **प्रगति** | **प्रगति** |
| मै0 वी0टी0एल0 गजा | आर0सी0सी0 टैक | 154 | 147 | 147 |
| | पेयजल आपूर्ति | 151 | 86 | 92 |
| | हर घर जल प्रमाणीकरण | 316 रा0ग्रा0 | 96 | 100 |
| | गृह सयोजन | 81751 | 75688 | 77751 |

2. अधोहस्ताक्षरी द्वारा मै0 जी0वी0पी0आर0 की योजनाओ मे लक्ष्य के सापेक्ष खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गई साथ ही निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द अवश्यकतानुसार श्रमशक्ति लगाते हुये ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है एवं 15 दिन बाद मै0 जी0वी0पी0आर0 की पुनः समीक्षा करने के निर्देश दिये गये।
3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा फेज–03 के अन्तर्गत मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0, को 01 माह मे समस्त उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण कर उच्च जलाशय से जलापूर्ति चालू करने हेतु निर्देशित किया गया तथा फेज–02 मे मै0 जी0वी0पी0आर0इंजी0 लि0 को प्रस्तावित समस्त उच्च जलाशय के सापेक्ष लगभग 50 प्रतिशत उच्च जलाशय को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
4. अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद मे कार्यरत दोनो एजेसियो की प्रत्येक माह कार्यो की समीक्षा बैठक कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद को बैठक आहूत करने हेतु निर्देशित किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

5. अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद मे कार्यरत दोनो आई0एस0ए0 क्रमशः मै0 सर्वार्थ सेवा संस्थान चिनहट, लखनऊ एवं भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर रोड मैनपुरी को उनके द्वारा कराई जा रही जन–जागरूक गतिविधियो / प्रचार प्रसार को डिजिटल मीडिया (समाचार पत्र, होडिंग / बैनर, सोशल मीडिया आदि) के माध्यम से ग्रामवासियो के समक्ष तथा प्रत्येक जन–मानस को सभी प्रकार के प्रचार के माध्यम से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जन–जागरूक गतिविधियो का प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिये गये।
6. जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद मे कार्यरत आई0एस0ए0 भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर रोड मैनपुरी द्वारा कराये गये कार्यो की समीक्षा की गई, जिसमें आई0एस0ए0 द्वारा जनपद में कराई गई जन–जागरूक गतिविधियो के 08 नग बीजको को प्रस्तुत किया गया जिसमें 03 नग क्लस्टर संख्या क्रमशः B1, B4, B5, के द्वितीय फेज (इम्पलीमेंटेशन फेज–06 माह) एवं 02 नग बीजक क्लस्टर संख्या क्रमशः B6, B7 के प्रथम फेज (प्लानिंग एण्ड मोबलाइजेशन फेज–03 माह) तथा 03 नग बीजक क्लस्टर संख्या क्रमशः B1, B4, B5 के प्रथम फेज के बेसलाइन सर्वे डेटा के बीजको को भुगतान हेतु उक्त कार्यरत आई0एस0ए0 द्वारा खण्ड कार्यालय में क्रमशः पत्रांक मीमो / भुगतान 01 / भा0म0 एवं बा0वि0सं0 / 2025–26 दिनांक 18.07.2025, पत्रांक मीमो / भुगतान 02 / भा0म0 एवं बा0वि0 सं0 / 2025–26 दिनांक 18.07.2025, पत्रांक मीमो / भुगतान 03 / भा0म0एवं बा0वि0 सं0 / 2025–26 दिनांक 18.07.2025, पत्रांक मीमो / भुगतान 04 / भा0म0 एवं बा0वि0 सं0 / 2025–26 दिनांक 18.07.2025 एवं पत्रांक मीमो / भुगतान 05 / भा0म0 एवं बा0वि0 सं0 / 2025–26 दिनांक 18.07.2025 तथा पत्रांक मीमो / बेसलाइन 01 / भा0म0 एवं बा0वि0सं0 / 2025–26 दिनांक 13.05.2025, पत्रांक मीमो / बेसलाइन 02 / भा0म0 एवं बा0वि0सं0 / 2025–26 दिनांक 13.05.2025 एवं पत्रांक मीमो / बेसलाइन 03 / भा0म0 एवं बा0वि0सं0 / 2025–26 दिनांक 13.05.2025 के अन्तर्गत भुगतान हेतु धनराशि क्रमशः क्लस्टर संख्या B1 फेज द्वितीय रू0 1716000.00, क्लस्टर संख्या B4 फेज द्वितीय रू0 1716000.00, क्लस्टर संख्या B5 फेज द्वितीय रू0 162800.00 तथा क्लस्टर संख्या B6 फेज प्रथम रू0 1150875.00, क्लस्टर संख्या B7 फेज प्रथम रू0 2173875.00, क्लस्टर संख्या B1 फेज प्रथम रू0 160875.00, क्लस्टर संख्या B4 फेज प्रथम रू0 160875.00 एवं क्लस्टर संख्या B5 फेज प्रथम रू0 152625.00 का कार्य कर प्रेषित किया गया है। जिसको तत्समय ही जनपद हेतु नामित डी0पी0एम0यू0 को सत्यापन हेतु भेज दिया गया था उक्त क्लस्टरों के बीजको एवं अभिलेखों के अन्तर्गत जन जागरूक गतिविधियों का सत्यापन उपलब्ध कराये गये अभिलेखों (फोटोग्राफ एवम् वीडियों) एवं रेंण्डम साइट बिजिट द्वारा डी0पी0ए0यू0 के पत्रांक MTCPL/SWSM/DPMU/2025-26/56199 दिनांक 16.09.2025 एवं बेसलाइन सर्वे डेटा के पत्रांक MTCPL/SWSM/DPMU/2025-26/93492 दिनांक 08.01.2026 को परीक्षणोपरान्त भुगतान हेतु संस्तुति सहित खण्ड कार्यालय मे प्रस्तुत किया गया। **शासनादेश सं–65 / 2022 / 3396 / छियत्तर–1–2022–03 सम / 2022 दिनांक 03.10.2022 के द्वारा भुगतान की प्रक्रिया से अवगत कराया गया है, शासनादेश के बिन्दु सं0 2(iv) में निर्देश है कि "अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा आई0एस0ए0 की आर0एफ0पी0 के अनुसार फेजवाइज गतिविधियों के अभिलेख एवं सम्बन्धित फोटोग्राफ / वीडियो प्राप्त कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति से सत्यापित कराकर तथा जिलाधिकारी महोदय से अनुमोदन प्राप्त कर ही आई0एस0ए0 के बिलों के भुगतान की कार्यवाही की जायेगी"** । जिस पर समिति द्वारा गतिविधियो का अवलोकन कर सर्व सहमति से सत्यापन किया गया जिसके फलस्वरूप अधोहस्ताक्षरी द्वारा सत्यापन पर अनुमोदन प्रदान करते हुये अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।
7. अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद मे कार्यरत दोनो आई0एस0ए0 क्रमशः मै0 सर्वार्थ सेवा संस्थान चिनहट, लखनऊ एवं भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर रोड मैनपुरी को प्रत्येक समीक्षा बैठक मे अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया गया।
8. अधोहस्ताक्षरी द्वारा मै0 जी0वी0पी0आर0 के प्रतिनिधि को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत समस्त कार्यो को युद्धस्तर पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा कार्यस्थल पर श्रमशक्ति को बढ़ाने हेतु भी निर्देशित किया गया जिससे कार्यों की प्रगति मे सुधार लाया जा सके।
9. साथ ही जनपद मे कार्यरत दोनो एजेंसियो वितरण प्रणाली बिछाने हेतु तोड़ी गई सड़को को किसी भी दशा मे शतप्रतिशत रोडरेस्टोरेशन के कार्यो को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
10. अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म द्वारा कराये गये गृहसयोजनो को शतप्रतिशत घर के अन्दर करने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिन योजनाओ पर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गई है उन योजनाओ पर नियमित पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

11 अधोहस्ताक्षरी द्वारा आई0जी0आर0एस0 के संबंध में अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु पूँछा गया। जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि खण्ड कार्यालय द्वारा प्राप्त शिकायतों को मार्क कर संबंधित एजेंसी को निस्तारण हेतु भेज दिया जाता है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रतिदिन प्राप्त शिकायतों को तत्समय ही मार्क करना सुनिश्चित करें एवं संबंधित आख्या पर शिकायत सं0, शिकायत का प्रकार, शिकायतकर्ता का नाम, भ्रमण का दिनांक व समय अवश्य अंकित करें साथ ही कार्यस्थल से प्राप्त आख्या पर संबंधित जू0इंजी0 शिकायतकर्ता से वार्ता कर टिप्पणी अवश्य लिखें एवं शिकायतकर्ता अथवा उनके गृह सदस्य अथवा गवाह के हस्ताक्षर शिकायत की आख्या पर अवश्य लें।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।**

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रूखाबाद**

# कार्यालय जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद।

पत्रांक– / / दिनांक

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार**
**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद।
4. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रूखाबाद।
6. मै0 मेधज टैक्नो कोन्सेप्ट, डी0पी0एम0यू0, फर्रूखाबाद।
7. मै0 बी0एल0जी0, कस्ट्रक्शन सर्विसेज प्रा0लि0 टी0पी0आई0, फर्रूखाबाद।
8. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0, हैदराबाद।
9. मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0लि0 जे0वी0, नोएडा।
10. मै0 भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेवर रोड, मैनपुरी।

Digitally signed by
ASHUTOSH KUMAR DWIVEDI
Date: 22-01-2026 21:37:46

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रूखाबाद**

Scanned with OKEN Scanner